आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...


web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



आरपीएफ कोटा मंडल... पेज 2



चुनाव आयुक्तों की ... पेज 3

वर्षः 11 | अंकः 18 | जयपुर, शनिवार 01 अगस्त, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4

# दिल्ली दंगा- पूर्व आप पार्षद ताहिर समेत 5 को उम्रकैद

## आईबी अफसर की हत्या के दोषी; कोर्ट बोला- घटना गंभीर, इसने समाज को झकझोर दिया

**नई दिल्ली।** 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था। लोकल कोर्ट ने कहा –ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकट्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी।





### पुलिस ने मौत की सजा मांगी थी

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए।

### ताहिर के वकील ने कहा- रेयरेस्ट ऑफ रेयर का मामला नहीं

ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती।

किसी भी दोषी की अलग-अलग भूमिका साफ नहीं बताई गई। इसलिए यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में नहीं आता।

### हिंसाग्रस्त इलाके के नाले में मिला था अंकित शर्मा का शव

दिल्ली दंगा 23 फरवरी, 2020 से शुरू हुआ था। 25 फरवरी को आईबी अफसर अंकित शर्मा घर से बाहर निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आए। परिवार उनकी तलाश कर रहा था, तभी लोगों ने बताया कि उनका शव चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले में देखा गया है। अगले दिन सुबह पुलिस ने नाले से अंकित का शव बरामद किया था। इसके बाद पिता रविंदर कुमार की शिकायत दयालपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। उनका आरोप था कि अंकित की हत्या तत्कालीन आप पार्षद ताहिर हुसैन और उनके साथियों ने की है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ताहिर हुसैन के ऑफिस में इकट्ठा हुए थे और हत्या के बाद अंकित के शव को नाले में फेंक दिया गया।

### CAA के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुआ था दंगा

23 फरवरी 2020 को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी और समर्थक आमने-सामने आ गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पथराव होने लगे थे। 26 फरवरी तक चले दंगों में 53 लोगों की जान गई थी। 250 से ज्यादा जख्मी हो गए थे। मरने वालों में 38 मुसलमान और 15 हिंदू थे। करीब 800 दुकानें जला दी गई थीं। 500 से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया गया था।

### ताहिर ने पैरोल पर जेल से बाहर आकर लड़ा था 2025 का विधानसभा चुनाव

फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में ताहिर हुसैन ने मुस्तफाबाद सीट से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी **AIMIM** के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मोहन सिंह बिष्ट ने जीत दर्ज की थी, जबकि ताहिर हुसैन तीसरे नंबर पर रहे थे। उन्हें करीब 33 हजार वोट मिले थे। चुनाव प्रचार के लिए ताहिर कस्टडी पैरोल पर बाहर आए थे।

# ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरा

## अब राष्ट्रपति को मिलिट्री एक्शन का अधिकार; ट्रम्प के एक सांसद ने वोटिंग नहीं की



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे। ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है।

1. **जंग में पहली बार मिस्त्र पर हमला:** मिस्त्र के बंदरगाह पर ड्रोन हमले में दो जहाजों में आग लगी। ईरान को इस हमले का जिम्मेदार माना जा रहा है।

2. **अमेरिका का 10 ईरानी शहरों पर हमला:** अमेरिकी सेना ने ईरान पर बड़े हवाई हमले किए। बंदर अब्बास, किश और क़ेश्म द्वीप में धमाकों की खबर है।

3. **ईरान का जवाबी हमला:** रिवोल्यूशनरी फोर्स ने कहा कि अमेरिकी हमले के बाद उन्होंने कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया।

4. **कुवैत में चीनी कंपनी की बिल्डिंग पर हमला:** ईरानी हमले में उत्तरी कुवैत में एक चीनी कंपनी की इमारत पर हमला हुआ, एक कर्मचारी की मौत।

# संसद में पप्पू यादव पुजारी बनकर पहुंचे, राहुल ने चंदा दिया

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का प्रदर्शन; मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। साथ ही विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे जिसमें 'अमित शाह संसद से गायब क्यों' लिखा हुआ था। इधर, लोकसभा की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे दोबारा शुरू होने पर लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 ध्वनि मत से पास हुआ। लोकसभा और राज्यसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के संसद में दिए गए बयान को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। सिंह ने कहा था कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं हुई थी।




### लोकसभा तीन अगस्त तक स्थगित

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 पारित करने का प्रस्ताव रखा। बिल ध्वनि मत से पास हुआ। इसके बाद विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### रिजिजू बोले- सदन में बिल पर चर्चा करें, हंगामा नहीं

किरेन रिजिजू ने कहा कि हम चाहते हैं कि भविष्य में ऐसा न हो। आप चर्चा में शामिल नहीं होते और बाहर जाकर कहते हैं कि सरकार चर्चा नहीं कराती। अगला बिल लेकर आएंगे और आप हंगामा करेंगे तो अच्छा नहीं होगा। चर्चा करें, हंगामा ना करें।

### लोकसभा में राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस

बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस सौंपा है। अनुराग का आरोप है कि राहुल गांधी ने को गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ असंसदीय और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। गंभीर व बेबुनियाद आरोप लगाए। दरअसल, बुधवार को राहुल ने पेपर लीक संशोधन बिल पर बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। राहुल के भाषण के एक हिस्से को स्पीकर ओम बिरला ने कार्यवाही से हटा दिया था।

# मेरे पिता घर आए तो वर्दी खून से लाल थी:जंतर-मंतर पर घायल पुलिसकर्मियों के परिजन बोले- प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे थे

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में घायल दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों के परिजन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, 20 तारीख के बाद यही नेरेटिव चलाया जा रहा है कि छात्रों को पुलिस ने पीटा, लेकिन प्रोटेस्ट का सच कुछ और ही है। हमला पुलिसवालों पर भी हुआ है।



### पुलिसवालों के परिजन के 3 आरोप

#### पहला आरोप

घायल पुलिसवाले की बेटी गुंजन ने कहा- प्रदर्शन में असामाजिक तत्व भी थे मेरे पिता जंतर-मंतर पर बैरिकेड के पास तैनात थे। वे अक्सर कहते थे कि यह अब सिर्फ छात्रों का प्रदर्शन नहीं रहा, इसमें असामाजिक तत्व भी शामिल हो गए हैं। 20 जुलाई को रात 10 बजे मेरे पिताजी को उनके साथी घर लेकर आए। उनकी वर्दी खून से लथपथ थी। हिंसक भीड़ ने उन्हें घसीटा और जंतर-मंतर मंच के पास पीट-पीटकर मारने की कोशिश की थी। वे करीब चार घंटे तक **RML** अस्पताल में बेहोश रहे, फिर भी सोशल मीडिया पर उन्हें ही क्रिमिनल बताया गया।

#### दूसरा आरोप

घायल **ASI** की पत्नी सीमा बोलीं- शरारती तत्वों ने पुलिस पर पथराव किया 20 जुलाई शाम 7 बजे पति को कॉल किया, तो वो हॉस्पिटल में इलाज करा रहे थे। भीड़ में मौजूद शरारती तत्वों ने पत्थर और हथियारों से पुलिस जवानों को घायल कर दिया था। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया। रात 11 बजे जब पति घर आए, तो उन्होंने बताया कि संसद की सुरक्षा के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ा गया और पुलिस फोर्स पर हमला किया गया। ड्यूटी के दौरान उन्हें मिला हेलमेट पूरी तरह टूट चुका था।

#### तीसरा आरोप

मेरे पिता **ASI** हैं। उन्हें बहादुरी के लिए 4 सम्मान मिल चुके हैं। मेरे दादाजी भी **BSF** में थे। 1971 की जंग लड़ चुके हैं। जंतर-मंतर प्रदर्शन में पिता फ्रंटलाइन पर तैनात थे। उनके साथी से पता चला कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। जब उनकी तस्वीर देखी तो सिर मुंडा हुआ था और चार टांके लगे थे। मैं डर गया था। पिता ने बताया कि प्रदर्शन में सिर्फ छात्र नहीं थे, बल्कि हिंसक और उपद्रवी लोग भी शामिल थे।

### CJP का आरोप- लाठीचार्ज, आंसू गैस और पैलेट्स गन चलाई

सीजेपी ने आरोप लगाया था कि 20 जुलाई के संसद चलो मार्च में और उसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और पैलेट्स गन का इस्तेमाल किया। पार्टी ने कई छात्रों के घायल होने का दावा करते हुए पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### राहुल ने पैलेट गन चलाने के आरोप लगाए थे

राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि संसद मार्च के दौरान छात्रों के साथ बर्बरता की गई। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन चलाई गई, शॉक बैटन का इस्तेमाल हुआ और कील लगी लाठियों से छात्रों को पीटा गया।

### सरकार बोली- शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई नहीं की

केंद्र सरकार ने कहा था कि पुलिस ने किसी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी के खिलाफ बल प्रयोग नहीं किया। कार्रवाई केवल उन लोगों के खिलाफ की गई, जिन्होंने बैरिकेड तोड़ने और सुरक्षा घेरा पार करने की कोशिश की। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने छात्रों पर बर्बरता के आरोपों को गलत बताया और कहा कि प्रदर्शनकारियों पर कोई गोली नहीं चलाई गई।

# यूपी में गंगा का पानी हाईवे तक पहुंचा:गुजरात-उत्तराखंड में स्कूल बंद

## राजस्थान के बाड़मेर में 40डिग्री तापमान; 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून फिर से कमजोर पड़ गया है, लेकिन पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, घाघरा-सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। वहीं, बिजनौर में गंगा का पानी बहसूमा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे के ऊपर से बह रहा है। गुजरात में आज सभी स्कूलों और कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं, उत्तराखंड में भी खराब मौसम को देखते हुए बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में भी आज स्कूल बंद हैं। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में गर्मी बढ़ गई है। जैसलमेर, बाड़मेर में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है। इसकी वजह पश्चिम की तरफ से आ रही गर्म हवाएं हैं। मध्य प्रदेश में मानसून के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। इसके चलते अगले 2 दिन प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है।

# स्पेन में घुसने पहुंचे 49 हजार प्रवासी, 18 की मौत

## मोरक्को से समुद्र में तैरकर आए थे, बॉर्डर पर सेना ने रोका तो भगदड़ मची



**सिउटा।** स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान 18 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी क्के मुताबिक, घटना तब हुई, जब गुरुवार सुबह 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेन में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। स्पेनिश सरकार की तरफ से जानकारी मिली है कि मोरक्को की तरफ से करीब 49 हजार लोगों के तैरकर या पैदल चलकर स्पेनिश शहर स्यूटा में प्रवेश कर चुके है।

### मोरक्को से एक साथ हजारों प्रवासी स्पेन में क्यों घुसे

अफ्रीकी और एशियाई देशों के प्रवासी बेहतर जीवन की तलाश में यूरोपीय देशों में घुसना चाहते हैं। सिउटा मोरक्को के उत्तरी तट पर स्थित एक स्पेनिश शहर है। यहां घुसने के बाद प्रवासियों को यूरोपीय संघ के क्षेत्र में एंट्री मिल जाती है। स्यूटा भले ही भौगोलिक तौर पर अफ्रीका में है, लेकिन यह स्पेन और यूरोपीय संघ का हिस्सा है। यानी अगर कोई प्रवासी स्यूटा में घुस जाता है, तो वह यूरोप की सीमा तक पहुंच जाता है।

## संभागीय आयुक्त ने किया ग्राम पंचायत पलायथा एवं अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कार्मिकों पर जताई नाराजगी



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बारां।** संभागीय आयुक्त ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पलायथा, पटवार घर पलायथा, राजस्व विज्ञान सेवा केन्द्र पलायथा, आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलायथा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पलायथा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रातः 10.30 बजे तक ग्राम पंचायत, पटवार घर एवं विज्ञान सेवा केन्द्र पलायथा के कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। स्थानीय लोगों द्वारा भी उक्त कार्मिकों के नियमित अनुपस्थित रहने की जानकारी दी गई।

आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलायथा के निरीक्षण में ज्ञात हुआ कि पीएचसी में स्टाफ का पद जनवरी 2026 से रिक्त है। पीएचसी के रखरखाव एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया गया, परन्तु कुछ आवश्यक दवाओं का स्टॉक कम पाया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र पलायथा के भवन की जर्जर स्थिति पाई गई। आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा कमरों की खराब स्थिति से अवगत कराया गया। निरीक्षण में पाई गई अन्य कमियों के त्वरित निराकरण के लिए जिला कलक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## सेवानिवृत्त 48 रेलकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा ।** रेल सेवा से निवृत्त हुए 48 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेश कुमार मित्तल की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी माध्यम से किया गया। साथ ही उन्हें पेंशन भुगतान आदेश (आई-पास पोर्टल से), मानार्थ पास, परिचय पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृति पर मिलने वाली राशी को सावधानीपूर्वक निवेश करने एवं साइबर ठगों से बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अविरल शर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री भंवर सिंह,सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री के एस हाडा,सहायक कार्मिक अधिकारी श्री विद्या भूषण भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायत राज व नगर निकाय चुनावो को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

### विधायक भगवाना राम सैनी भी बैठक में रहेंगे मौजूद, कांग्रेस विधानसभा प्रभारी धन सिंह नरूका भी बैठक में आएंगे




**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में चुंगी नंबर तीन के पास स्थित रतन गिरी मैरिज गार्डन में आज कांग्रेस की अहम बैठक होगी द्य कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार दोपहर 2:30 बजे पंचायत राज व नगर निकाय चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया है द्य कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी के अनुसार आज आयोजित होने वाली अहम बैठक में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी धन सिंह नरूका भी मौजूद रहेंगे द्य इसके साथ ही क्षेत्रीय विधायक भगवाना राम सैनी भी बैठक में मौजूद रहेंगे द्य कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी ने सभी कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षदों से अपील की है कि वह बैठक में समय का ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## रिलायंस स्टोर पर 10 हजार का जुर्माना

### जिला उपभोक्ता आयोग ने टोस्ट पर 1 रुपए ज्यादा लेने और 1 किलो चीनी नहीं देने पर लगाया फाइन

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग तृतीय ने एक ग्राहक से टोस्ट के पैकेट पर 1 रुपए ज्यादा वसूलने और ऑफर के तहत 9 रुपए में 1 किलो चीनी नहीं देने के मामले में रिलायंस स्टोर पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने इसे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन मानते हुए रिलायंस स्मार्ट बाजार और रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट पर 5-5 हजार रुपए जुर्माना अदा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर और सदस्य पवन कुमार भारद्वाज की बेंच ने यह आदेश परिवादी प्रमोद कुमार खंडेलवाल के परिवाद को निस्तारित करते हुए दिए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि दोनों मामलों में रिलायंस स्टोर द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाओं में कमी पाई गई है। वहीं कंपनी ने अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस (अनुचित व्यवहार) भी की है।

# आरपीएफ कोटा मंडल की प्रभावी कार्रवाई, जनविश्वास अधिनियम में 3,932 चालान, 22.44 लाख की पेनल्टी, 44 लाख का सामान यात्रियों को लौटाया, चोरी का खुलासा और 34 बच्चों का सुरक्षित रेस्क्यू

### अप्रैल से जून 2026 के दौरान बाल संरक्षण, अपराध नियंत्रण, टिकट जांच एवं यात्री सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), कोटा मंडल ने अप्रैल से जून 2026 की अवधि में यात्री सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, बाल संरक्षण एवं यात्रियों की संपत्ति की सुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री पवन कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न अभियानों के माध्यम से न केवल अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई, बल्कि यात्रियों की खोई हुई संपत्ति उन्हें सुरक्षित लौटाकर जनविश्वास को भी मजबूत किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि



इस अवधि में यात्रियों के सामान की चोरी से संबंधित 5 प्रकरणों का सफल खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से लगभग 8 लाख रुपये मूल्य की चोरीशुदा संपत्ति बरामद कर यात्रियों को राहत प्रदान की गई। जनविश्वास अधिनियम के लागू होने की तिथि से 27 जुलाई 2026 तक कुल 3,932 व्यक्तियों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए 22,44,000 रुपये की पेनल्टी वसूल की गई। बाल संरक्षण के क्षेत्र में भी रेलवे सुरक्षा बल ने संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए 24 बालकों एवं 10 बालिकाओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर आवश्यक संरक्षण उपलब्ध कराया।

रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 3,969 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें न्यायालय द्वारा अभियुक्तों पर कुल 11,17,650 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। यात्रियों की सुविधा एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने छूटे हुए सामान को सुरक्षित रखने और उसके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने की दिशा में भी सराहनीय कार्य किया। इस अवधि में 63 यात्रियों को लगभग 43,96,870 रुपये मूल्य का छूटा हुआ सामान सकुशल वापस लौटाया गया। श्री जैन ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल, कोटा मंडल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए निरंतर सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी अपराध नियंत्रण, यात्री सुरक्षा और सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसी प्रकार प्रभावी एवं जनहितकारी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## गुरु पूर्णिमा पर हिंदू महासभा भवन दिल्ली में भव्य आयोजन के बीच पंडित संजय हरियाणा को उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ, मिली सनातन प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा नई दिल्ली ।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा भवन दिल्ली में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर से संत महात्माओं सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों पदाधिकारी ने भाग लिया। मथुरा से अखिल भारत हिंदू महासभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की इस दौरान दिल्ली विधानसभा के सचेतक भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय वर्मा जी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।।सभी ने हिंदू हृदय सम्राट परम पूजयनीय जगतगुरु स्वामी चक्र प्राणी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में तमिलनाडु से आई सास्कृतिक टीम ने प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर देश-विदेश से आए हुए भक्तों और पदाधिकारीओ का मन मोह लिया । उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के कार्यक्रम को विशेष आकर्षण माना गया और टीम को महाराज श्री ने पटुका और तस्वीर देकर सम्मानित भी किया गया। मथुरा से पहुंचे पंडित संजय



हरियाणा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और महाराज श्री के चरणों में बारम्बार प्रणाम करते हुए,आये हुए अतिथि और भक्तों, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह आध्यात्मिक परंपरा और गुरु शिष्य संबंधों का महान महापर्व है । जो समाज में एकता संस्कार और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। गुरु पूर्णिमा महापर्व सभी पदाधिकारी को एक सूत्र में बांधने की भी प्रेरणा देता है इस दिवस पर देश वर्ष से कहीं भी पदाधिकारी व शिष्य हो दिल्ली महासभा भवन पर आते हैं और महाराज श्री का आशीर्वाद लेकर पुनः गर्मजोशी के साथ संगठन विस्तार को नई दिशा और दशा देने के लिए पुनः अपने अपने क्षेत्रों के कार्य करने के लिए निकल जाते हैं। इस अवसर पर और दिल्ली प्रदेश प्रभारी श्री विजय कृष्णा पांडे जी उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत पांडे जी वरिष्ठ कार्यकर्ता गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष रणवीर चौधरी हरियाणा प्रदेश के संयोजक लोधी जग विजय वर्मा बृजपाल राठी डॉक्टर अरूण सिंहा डॉक्टर सोम प्रकाश सुजीत सिंह के साथ साथ देश-विदेश से आए हुए सभी भक्तों को महाराज श्री ने सम्मानित किया संचालन ब्रह्मषि बीके शर्मा जी ने किया । कार्यक्रम का समापन अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद वचन देकर और सभी को संपूर्ण देश में हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम को आयोजित करने पर बल देकर, ठाकुर जी के प्रसाद के साथ किया गया। देश विदेश से आने वाले भक्तों का भी आभार व्यक्त किया ।

## सरकारी स्कूल के अध्यापक के स्थानांतरण पर भडका अभिभावकों एवं बच्चों का गुस्सा

### शिक्षक राजेंद्र कुलदीप कई सालों से विद्यालय में है कार्यरत

### अध्यापक राजेंद्र कुलदीप को विद्यालय में वापस लगाने की मांग




**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती खिरोड़ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भामू की ढाणी (खिरोड़ ) की सरकारी स्कूल के अध्यापक राजेंद्र कुलदीप का स्थानांतरण किया गया जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया और यह चेतावनी दी है कि अगर उनको वापस यहां पर कार्य पर नहीं लगाया जाता है तो स्कूल को ताला लगाया जाएगा और पढ़ने के लिए एक भी बच्चा नहीं आएगा। अध्यापक राजेंद्र कुमार 1999 से यहां पर कार्यरत है इस स्कूल के संचालन में उनका काफी सहयोग है BLO के साथ-साथ वह अपना पूरा कार्य करते हैं द्य बच्चों की नीव मजबूत करने का कार्य बखूबी वह पिछले 27 साल से कर रहे हैं। अध्यापक राजेंद्र कुलदीप 1999 से यहां पढ़ा रहे हैं उनके सहयोग से यह स्कूल चल रही BLO के रूप में भी वह यहां पर अपना कार्य कर रहे हैं व लोगों के दिल में बसे हुए हैं। अगर उनको वापस यहां पर कार्य पर नहीं लगाया गया तो शीघ्र ही बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसके जिम्मेदारी प्रशासन की होगी द्य इस दौरान प्रवीण सीगड़( पूर्व छात्र) अध्यक्ष, जोधाराम भामू , प्रवीण सीगड़ , बीरबल राम यादव, विकास भामू , मनोज भामू , शिवकुमार भामू, विजेंद्र, मगन भामू,, छगनलाल भामू आदि लोग मौजूद।

# सीजेआई बोले-विवाद सुलझाने के लिए बोलने से ज्यादा सुनना पडता

**जयपुर।** जयपुर में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा- जयपुर शहर को सामाजिक सौहार्द के सिद्धांत पर बसाया गया है। इसलिए मुझे लगता है कि इस कॉन्फ्रेंस के लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती है। मध्यस्थता ये बताती है कि कोई भी एक आवाज किसी दूसरी आवाज को दबा ना पाए। सीजेआई ने कहा- जब आसपास कोई वकील नहीं होता था और विवाद होते थे, तब जैसा कि मुख्यमंत्री ने बताया- ग्राम पंचायतें मध्यस्थता से विवादों को हल करती थी। एक बात तब और आज कॉमन है कि विवाद का हल होने के बाद उन्हें उस गांव का नेतृत्व भी करना होता था। जयपुर में कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रूल्स ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने यह कहा। इस कॉन्फ्रेंस में 52 कॉमनवेल्थ देशों के प्रतिनिधि आए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- आज हम वैश्विक शांति स्थापित करने की बात करते हैं, जहां हम देशों की सीमाओं से आगे देखते हैं। विवाद चाहे कितना भी बड़ा या छोटा हो, चाहे वह दो पड़ोसियों के बीच किसी कॉमन जगह को लेकर छोटा-सा झगड़ा हो या दो देशों के बीच युद्ध विराम का मामला हो, हर जगह विवाद को सुलझाने



का मूल तरीका लगभग एक जैसा रहता है। टोंक रोड स्थित होटल ललित में हो रहे तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन सीजेआई) सूर्यकांत शुक्रवार शाम किया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) की ओर से 2 अगस्त तक चलने वाली कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य विवादों में मीडिएशन को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में सीजेआई सूर्यकांत के साथ जाम्बिया के सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश आभा नायर पटेल, हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और सीएम भजनलाल शर्मा भी मौजूद हैं।

### ट्रेनिंग और अनुभव से लगातार सीखने की जरूरत

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- किसी को बोलने से ज्यादा सुनना पड़ता है। किसी को दोनों पक्षों की बात को सही तरीके से समझकर एक-दूसरे तक पहुंचाना पड़ता है। साथ ही यह विश्वास रखना पड़ता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और साथ मिलकर बेहतर जीवन जीने का रास्ता निकाल सकते हैं। यह कोई आसान या सामान्य स्किल नहीं है। कानूनी पेशे में यह सबसे कठिन स्किल है। इसे सीखने के लिए ट्रेनिंग और अनुभव से लगातार सीखने की जरूरत होती है।

### मध्यस्थता से केस निपटारे में देश में दूसरे स्थान पर राजस्थान

राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा ने कहा- सीजेआई का मानना है कि मीडिएशन को सामाजिक सौहार्द और संस्था में विश्वास करने के टूल की तरह काम में लेना चाहिए। इस तीन दिन की कॉन्फ्रेंस में हम इसी विषय पर चर्चा करेंगे। एक्टिंग सीजे ने कहा- आधुनिक लीगल सिस्टम को न केवल न्याय देने वाला होना चाहिए, बल्कि समाज के अंतिम छोर की भागीदारी करने वाला होना चाहिए। राजस्थान मध्यस्थता के माध्यम से केसों का निपटारा करने में भारत में दूसरे स्थान पर है।

## गहलोत बोले-अध्यक्षजी क्या नाराजगी जताएंगे, उन्होंने कोई नाराजगी नहीं जताई

### कल कोई जॉइनिंग नहीं थी; जॉइनिंग नेताओं की होती है, कार्यकर्ताओं की नहीं

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के पार्टी में व्यक्तिगत ब्रांडिंग को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर तंज कसने के बाद अब डैमेज कंट्रोल शुरू हो गया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पूरे घटनाक्रम को लेकर सफाई देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कोई नाराजगी नहीं जताई, हम सब एकजुट हैं। कल जॉइनिंग जैसा कुछ नहीं था। जॉइनिंग नेताओं की होती है, कार्यकर्ताओं की नहीं। पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय के साथ बीएपी से कांग्रेस में आए कार्यकर्ताओं ने गहलोत के बंगले पर चौथी बार उन्हें सीएम बनाने के नारे लगाए थे। इसके बाद जब कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय गए, तो वहां डोटासरा ने मालवीय को खरी-खरी सुनाने के साथ नारेबाजी को लेकर गहलोत का नाम लिए बिना उन पर तंज कसा था।

### अध्यक्षजी क्या नाराजगी जताएंगे

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- हम सब एक हैं, एक होकर चलेंगे, एक होकर सरकार बनाएंगे और राजस्थान में सरकार बनना निश्चित है। बाकी सारी बातें छोड़ दीजिए। नाराजगी न अध्यक्षजी (गोविंद डोटासरा) की है और न मेरी है। अध्यक्षजी क्या नाराजगी जताएंगे, उन्होंने कोई नाराजगी नहीं जताई। उन्हें जो महसूस हुआ, उन्होंने वो बता दिया। मीडिया वालों ने बार-बार सवाल पूछे होंगे, तो जो बात उनकी जानकारी में नहीं होगी, उस पर वो क्या जवाब देंगे? पूरी कांग्रेस एकजुट है।

# राहुल गांधी कर रहे है बचकानी हरकतें, अभी उनकी समझ नहीं हुई परिपक्व :- मदन राठौड़

### राजस्थान के कांग्रेसी नेताओं के बीच टकरा रही है व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं:- मदन राठौड़

### पेपरलीक के संशोधित कानून में कठोर सजा का प्रावधान, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:- मदन राठौड़


**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजस्थान की राजनीति, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) तथा विद्यार्थियों से जुड़े विषयों पर प्रतिक्रिया दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी समझ अभी भी परिपक्व नहीं हुई है और वे बचकानी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिस घटना को लेकर राहुल गांधी बयान दे रहे हैं, उसमें बच्चों पर कोई हमला नहीं हुआ। आंदोलन में कुछ



असामाजिक तत्व घुस आए थे, जिन्होंने भारत विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए। जैसे ही वहां राष्ट्रविरोधी गतिविधियां और प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां होने लगीं, छात्र वहां से निकल गए। ऐसे असामाजिक तत्वों को रोकना आवश्यक था और विपक्ष के पास कोई वास्तविक मुद्दा नहीं बचा है। राठौड़ ने कहा कि छात्रों के जीवन के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संशोधित कानून में पेपरलीक जैसे अपराधों के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस विभिन्न मानसिकताओं का गठबंधन बनकर रह गई है। पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर लगातार खींचतान चल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा सचिन पायलट सहित कई नेताओं की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं आपस में टकरा रही हैं। डोटासरा और गहलोत के बीच चल रही खींचतान अब सार्वजनिक रूप से उजागर हो गई। डोटासरा ने पूर्व मंत्री मालवीया को स्पष्ट कर दिया कि व्यक्तिवाद करने वालों ने ही पहले कांग्रेस को हराया था। डोटासरा अपने ही नेताओं पर पार्टी को हराने का आरोप लगा रहे है। अब डोटासरा को लग रहा है मैं दावेदार हो सकता हूं, गहलोत को लगता है मेरी जमीन खिसक रही है, जूली को लग रहा है मैं प्रभावी हो सकता हूं, सचिन पालयट भी घात लगाकर बैठे है। जबकि उनकी सोच राष्ट्रहित की बजाय व्यक्तिगत हितों तक सीमित है। राठौड़ ने विपक्ष पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर विपक्ष सामूहिक मंत्रिमंडलीय जवाबदेही की बात करता है, वहीं जब मंत्री सदन में जवाब दे देते हैं तो विपक्ष नई मांग कर देते है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर भाजपा की स्पष्ट मान्यता है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए और सभी को समान अधिकार एवं सुविधाएं मिलनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि आजादी के समय भी कई राष्ट्रीय नेताओं ने यूसीसी लागू करने की वकालत की थी तथा सर्वोच्च न्यायालय भी कई अवसरों पर इसे लागू करने की आवश्यकता जता चुका है। यूसीसी भाजपा के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा है।

## पीएम पर टिप्पणी करने वाली लड़की पर एफआईआर का विरोध

**कॉकरोच जनता पार्टी बोली- देश में लोग रोज गाली देते हैं, ये अपराध कैसे**



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली लड़की रुचिका सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का विरोध किया है। प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि लड़की के खिलाफ आपराधिक केस की जगह मानहानि का केस दर्ज करना चाहिए। यह कार्रवाई मशीनरी का दुरुपयोग है। इस देश में लोग चलते-फिरते गाली देते हैं। यह अपराध कैसे बन गया। यह मामला 23 जुलाई को जंतर-मंतर का है। छात्रों के प्रदर्शन के दौरान वीडियो में लड़की पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करती नजर आई थी। गाजियाबाद की रहने वाली स्मृति सिंह ने रुचिका के खिलाफ नोएडा के एक्सप्रेसवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने रुचिका पर जानबूझकर अपमान करने, सार्वजनिक उपद्रव फैलाने और मानहानि के आरोप में केस दर्ज किया।


### पुलिस ने दर्ज की जीरो एफआईआर

पुलिस के अनुसार, नोएडा में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। इसे आगे की जांच के लिए नई दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस स्टेशन भेज दिया गया है। जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है, चाहे घटना कहीं भी हुई हो। शिकायतकर्ता स्मृति सिंह ने अनुसार, 'सोशल मीडिया पर महिला के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें वह पीएम और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रही है। इससे देश की छवि खराब होती है।'

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सरकार की दलील

# सुप्रीम कोर्ट से कहा- पीएम लोकतंत्र के खिलाफ जाएंगे, यह सोचना गलत

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत अब यह तय करेगी कि नियुक्ति प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले 2023 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय पीठ के पास भेजा जाए या नहीं। वहीं, इस कानून का बचाव करते हुए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दलीली दी- यह मान लेना गलत होगा कि चयन समिति में संख्या बल होने के कारण प्रधानमंत्री और मंत्री 'बुरी मंशा' से काम करेंगे या लोकतंत्र के खिलाफ जाएंगे। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ से कहा कि अगर प्रधानमंत्री के फैसले को भरोसे लायक नहीं माना जाएगा, तो क्या कैबिनेट चुनते समय भी उन्हें किसी पूर्व जज या बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने की शर्त रखी जाएगी?



### यहां प्रधानमंत्री पर भरोसा करने का सवाल नहीं: कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस दलील पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अदालत प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं करती, ऐसा सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा- हम प्रधानमंत्री पर भरोसा क्यों नहीं करेंगे? निश्चित रूप से करेंगे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री पर भरोसा जताया था कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। जस्टिस दत्ता ने कहा कि असली मुद्दा यह है कि चुनाव आयुक्त स्वतंत्र व्यक्ति होना चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या चयन समिति में ऐसे लोग नहीं होने चाहिए, जिससे निष्पक्षता दिखाई भी दे। हम यह नहीं कह रहे कि इस समिति ने निष्पक्षता हासिल नहीं की, लेकिन अब स्थिति 2:1 की है। प्रधानमंत्री की तरफ दो और विपक्ष की तरफ एक।

### चयन प्रक्रिया में CJI को बाहर रखने पर है विवाद

यह कानून दिसंबर 2023 में संसद से पारित हुआ था और 29 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के 2023 के फैसले के खिलाफ है, क्योंकि इसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर रखा गया है।

### नए कानून में चयन समिति में कौन-कौन हैं?

2023 के कानून के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनी चयन समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) शामिल होते हैं।

## तस्लीमा नसरीन का 19 साल बाद कोलकाता पहुंचने पर स्वागत

**बोलीं- वापस आकर अच्छा लगा, कल सीएम शुभेंदु के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगी**




**कोलकाता।** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को नई दिल्ली से कोलकाता पहुंचीं। वे 19 साल बाद यहां लौटी हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मौजूद समर्थकों ने उनका स्वागत किया। लोगों का अभिवादन करते हुए तसलीमा ने कहा कि उन्हें वापस आकर बहुत अच्छा लगा। तसलीमा 1 अगस्त को होने वाले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी और मशहूर लेखक शीर्षेंदु मुखोपाध्याय के शामिल होने की उम्मीद है।

### 2007 में छोड़ना पड़ा था शहर

नवंबर 2007 में तस्लीमा को कोलकाता से बाहर जाना पड़ा था। उस समय उनकी आत्मकथा द्विखंडित के खिलाफ इस्लामी समूहों ने हिंसक प्रदर्शन किए थे और किताब पर प्रतिबंध की मांग की थी। इस विरोध के चलते तत्कालीन पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें राज्य से बाहर भेज दिया था। इसके बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली ले जाया गया और फिर वे विदेश चली गई थीं।

### 1994 से निर्वासित जीवन जी रही

तस्लीमा तस्लीमा का जन्म बांग्लादेश के मैमनसिंह में हुआ था। वे 1994 से निर्वासित जीवन जी रही हैं। उनके लेखन के कारण उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलीं और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उनके उपन्यास लज्जा से उन्हें पहचान मिली। इस किताब में भारत में बाबरी विध्वंस के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को दिखाया गया था, जिसका कट्टरपंथी समूहों ने कड़ा विरोध किया था।

### कोलकाता को मानती हैं अपना दूसरा घर

तस्लीमा ने कई बार कोलकाता लौटने की इच्छा जताई थी। वे अक्सर इस शहर को अपना दूसरा घर बताती रही हैं। वे अभिव्यक्ति की आजादी, धर्मनिरपेक्षता, महिला अधिकारों और धर्म व राज्य को अलग रखने की वकालत करती रही हैं। करीब 19 साल बाद उनकी यह यात्रा दक्षिण एशिया में अभिव्यक्ति की आजादी और निर्वासित लेखकों के मुद्दों पर हो रही चर्चाओं के बीच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# भरत एनकाउंटर में पहली गोली मारने वाला एसटीएफ जवान गिरफ्तार

**बिहार सीएम से परिवार की मुलाकात के बाद एक्शन; 5 गोलियां मारी गई थीं**

**आरा( भोजपुर )।** बिहार में भोजपुर के भरत तिवारी एनकाउंटर में बड़ी कार्रवाई हुई है। उस पर गोली चलाने वाले बिहार एसटीएफ के जवान अक्षय कुमार को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। भरत तिवारी का एनकाउंटर 17 जून को हुआ था। उसकी मां आशा देवी ने अक्षय कुमार पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी जवान को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप है कि आत्मसमर्पण करने के बाद भरत तिवारी को सबसे पहली गोली अक्षय कुमार ने मारी थी। एनकाउंटर की जांच के दौरान कई बार बुलाने के बाद भी वह पूछताछ के लिए नहीं आया। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सर्विलांस के आधार पर उसे पकड़ा है। भरत तिवारी के परिवार ने 24 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की थी। सीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। उसी दिन 2 अफसरों पर कार्रवाई हुई। अब 6 दिन बाद जवान की गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भरत को 5 गोलियां मारे जाने की पुष्टि हुई थी। जबकि पुलिस तीन गोली लगने की बात कर रही थी।

### मां ने कहा- STF जवान ने पहली गोली चलाई थी

भरत एनकाउंटर में पहली गिरफ्तारी पर आशा देवी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि पुलिस



ने कार्रवाई की है। आगे भी एक्शन होना चाहिए। एसडीएम, डीएसपी की भी गिरफ्तारी होनी चाहिए, भरत ने उनका नाम लिया था। दरोगा भी शामिल था। उसे भी गिरफ्तार करना चाहिए। सीएम ने इंसाफ दिलाने की बात कही है, मुझे उन पर भरोसा है।' भरत तिवारी के पिता काशीनाथ तिवारी ने कहा, सीएम सम्राट चौधरी ने जो कहा था वो सच होता दिख रहा है। जिसकी गिरफ्तारी हुई है, उसने ही पहली गोली मारी थी। अब सारे भेद वही खोलेगा। सीएम ने कहा था किसी को छोड़ेंगे नहीं। जो कहे थे वो वादा निभा रहे हैं। भरत तिवारी की भाभी सुमन देवी ने कहा, 'सीएम के पास गए थे, उसके बाद अब एक गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने इंसाफ का भरोसा दिया था। वो अपना काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि न्याय मिलेगा।'

### परिजनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की

परिजनों ने इसे न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मामले में शामिल अन्य जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई है। अब एसटीएफ जवान अक्षय कुमार की गिरफ्तारी से यह मामला नए मोड़ पर पहुंच गया है। माना जा रहा है कि आगे की जांच में एनकाउंटर से जुड़े कई और सच सामने आ सकते हैं।

### भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर सरकार पर उठे सवाल, 3 कारण

कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं: 28 साल का भरत भूषण तिवारी कोई अपराधी, शूटर या किसी गैंग का सरगना नहीं था। उस पर पहले से हत्या, लूट या डकैती का कोई गंभीर मामला दर्ज नहीं था। वह बाढ़, कटाव और विस्थापन जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने वाला सोशल एक्टिविस्ट था। अफसरों के सामने वंचित और गरीब लोगों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठा रहा था।

## सीएम शुभेंदु की रेकी कर रहा जैश का आतंकी गिरफ्तार

**पुलिस को घर से दस्तावेज मिले; पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड सज्जाद भट का करीबी**




**कोलकाता।** बंगाल पुलिस ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टास्क फोर्स ने हामिम मंडल नाम के इस शख्स को गुरुवार देर रात एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक मंडल के मोबाइल और घर से मिले दस्तावेजों से पता चला है कि वह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बारे में जानकारी जुटा रहा था। पुलिस यह भी कह रही है कि हामिम पुलवामा अटैक के मास्टरमाइंड सज्जाद भट का करीबी है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में 40 CRPF जवान शहीद हो गए थे। हामिद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। बंगाल STF के 3 दावे... 1. आरोपी हामिम एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए आतंकवादी संगठन के उस मॉड्यूल से जुड़ा, जिसे गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर चलाते थे।

2. भट्टी का नेटवर्क बॉर्डर पार से ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करता था। इससे होने वाली कमाई का इस्तेमाल वह भारत में आतंकवादी गतिविधियों की फंडिंग के लिए करता था। 3. हामिम हावड़ा में काम करता था। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले वह बर्धमान चला गया था, जहां उसने अपार्टमेंट किराए पर लिया। जांच एजेंसियों की नजर से बचने के लिए वह पिछले दो-तीन महीनों से छिपा हुआ था।

# निहंगों ने युवक को 7 सेकेंड में 6 थप्पड़ मारे

### बठिंडा में माफी मंगवाकर पीटा; निहंग बोला- महिला से रिलेशन, अब शादी नहीं कर रहा

**बठिंडा।** बठिंडा के तलवंडी साबो में दो निहंगों द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। 18 सेकेंड के वीडियो में युवक पहले निहंगों के बारे में गलत बातें कहने की बात स्वीकार करते हुए माफी मांगता है। इसके बाद दोनों निहंग करीब 7 सेकेंड में उसके गर्दन और चेहरे पर 6 थप्पड़ मार देते हैं। घटना तीन दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो शेयर करने वाले निहंग राजू का दावा है कि कार्रवाई एक विवाहित महिला की शिकायत और युवक द्वारा निहंगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद की गई। महिला का आरोप था कि युवक उसके साथ 5 साल रिलेशन में रहा और अब शादी के लिए मना कर रहा है। वीडियो की शुरुआत में युवक कहता है, मैंने बाबा जी के बारे में गलत कहा था। बाबा जी गलत नहीं हैं। मुझसे गलती हो गई। आगे से ऐसी गलती नहीं होगी। माफी मांगने के तुरंत बाद एक निहंग उसकी गर्दन पर थप्पड़ मारता है। इसके बाद दोनों निहंग युवक के चेहरे पर लगातार थप्पड़ जड़ते हैं। करीब 7 सेकेंड में उसे 6 थप्पड़ मारे जाते हैं। VIDEO में एक निहंग यह कहते हुए भी सुनाई देता है, बोलते हुए शर्म नहीं आई तुझे? निहंग राजू के मुताबिक, कुछ दिन पहले एक विवाहित महिला उनके पास पहुंची थी। उसने आरोप लगाया कि युवक पिछले करीब पांच साल से उसके संपर्क में था।

इसी वजह से उसके पति के साथ तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। महिला का कहना था कि युवक न तो उसका खर्च उठा रहा है और न ही उससे शादी करने को तैयार है। राजू का दावा है कि शिकायत मिलने के बाद महिला और युवक, दोनों को बुलाकर समझाया गया। बातचीत के बाद दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया।

## महाराष्ट्र के भिवंडी में 4 मंजिला बिल्डिंग ढही, 9 मौतें

**मरम्मत का काम चलते वक्त हादसा; 4-5 लोगों के फंसे होने की आशंका**

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 से 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव अभी भी जारी है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे। हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने बिल्डिंग को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त मरम्मत का काम चल रहा था। एक अधिकारी ने इस बिल्डिंग में रह रहे लोगों के हवाले से बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे इमारत में जोरदार चटकने की आवाजें सुनी गईं। कुछ लोगों ने दरारें भी देखीं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट करना शुरू कर दिया, तभी इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

# भारत की 117 प्रभावशाली महिलाओं के पास 39 लाख करोड़: विरासत से नहीं, अपने दम पर 84प्रतिशत महिलाओं ने खुद खड़े किए साम्राज्य

**नई दिल्ली।** दशकों तक भारत की प्रभावशाली महिलाओं की सूची में बिजनेस घरानों की वारिस, प्रमोटर परिवारों और कॉर्पोरेट जगत की दिग्गज हस्तियों का दबदबा रहा। लेकिन अब प्रभाव और सफलता कारोबारी घरानों की विरासत तक सीमित नहीं है। आंत्रप्रेन्योर, स्टार्टअप फाउंडर, पेशेवर सीईओ से लेकर ओलिंपिक पदक विजेता, पत्रकार, लेखिका, डिजिटल क्रिएटर और एक्टिविस्ट भी इसमें शामिल हैं। 2026 की कैंडेरे हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स लिस्ट में इस साल 12 कैटेगिरी में 117 महिलाएं शामिल की गई हैं। साल 2025 में इस लिस्ट में नौ कैटेगरीज में 97 महिलाएं शामिल थीं। मौजूदा लिस्ट में शामिल महिलाएं कुल 39 लाख करोड़ रुपए की वेल्थ का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### एथलीट्स, पत्रकार, लेखिका भी

लिस्ट में किरण शॉ, रोशनी नाडार, फाल्गुनी नायर, निसाबा गोदरेज, प्रिया नायर जैसे बिजनेस लीडर; पीवी सिंधु, मनु भाकर, मैरी कॉम, मीराबाई चानू जैसी एथलीटों के साथ पत्रकार फेय डिसूजा,




बरखा दत्त और पालकी शर्मा, लेखिका सुधा मूर्ति, ट्विंकल खन्ना और उद्यमी अनन्या बिड़ला भी हैं।

बड़ी बात यह है कि 84% यानी 98 महिलाएं सेल्फ-मेड हैं, जबकि 19 महिलाएं पारिवारिक विरासत के सहारे यहां पहुंची हैं। सूची में सबसे कम उम्र की 19 वर्षीय पैरा-आर्चर शीतल देवी से लेकर सबसे बुजुर्ग 86 वर्षीय आंत्रप्रेन्योर रजनी बेक्टर भी शामिल हैं।

### प्रभाव सिर्फ बैलेंस शीट से नहीं

इस लिस्ट में प्रभाव को बैलेंस शीट से ही नहीं, बल्कि बौद्धिक संपदा, सार्वजनिक भागीदारी, इनोवेशन और सामाजिक प्रभाव से भी मापा गया है। यही वजह है कि 20 ओलिंपिक और पैरालिंपिक पदक विजेता इसमें सबसे बड़ी कैटेगरी बनाते हैं। इनमें से भी 60% पैरा-एथलीट्स हैं।

### खुद अपनी मेहनत से सफलता हासिल की

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा- इन महिलाओं में से 98 ने खुद अपनी मेहनत से सफलता हासिल की है, जो खानदानी रईस महिलाओं से पांच गुना से भी अधिक है। यह अनुपात हमें बताता है कि भारत में नेतृत्व अब विरासत में मिलने के बजाय अर्जित किया जा रहा है।

# पहली बार ट्रांसप्लांट के लिए वंदेभारत से पहुंचाया जिंदा दिल

## सूरत से अहमदाबाद तक बना ग्रीन कॉरिडोर, 250किमी की दूरी 217 मिनट में तय की

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार एक दिल को ट्रांसप्लांटेशन के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन से सूरत से अहमदाबाद लाय गया। इस हार्ट ट्रांसप्लांटेशन के लिए पहले हॉस्पिटल से स्टेशन तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इसके बाद हार्ट को अहमदाबाद के एक कार्डियक टीचिंग अस्पताल में ट्रांसप्लांट के लिए पहुंचाया गया। रेलवे के मुताबिक शुक्रवार को हुए इस पूरे घटनाक्रम में सूरत से अहमदाबाद की 250द्मद्व की दूरी तय करने में वंदेभारत ने करीब 217 मिनट का वक्त लिया।

### 4 एजेंसियों की मदद से बना ग्रीन कॉरिडोर

रेलवे, गुजरात पुलिस, आरपीएफ और मेडिकल टीमों के बीच मजबूत तालमेल से दिल को हॉस्पिटल तक पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अहमदाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 से यूएन मेहता इंस्टीट्यूट तक हार्ट को तेजी से पहुंचाने के लिए RPF और गुजरात पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया था। अहमदाबाद के मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने इसे भारतीय रेलवे के लिए गर्व का पल बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ने पहली बार वंदेभारत एक्सप्रेस ने हार्ट को पहुंचाकर इतिहास बना दिया है।

### मुख्यमंत्री बोले- ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन में हर सेकंड कीमती





मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रिया में हर सेकंड कीमती होता है। वंदे भारत की तेज रफ्तार के कारण ही यह प्रयास संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को अबतक 77 सफल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए बधाई दी।

### हार्ट ट्रांसप्लांटेशन से जुड़ा नॉलेज फैक्ट

दिल को निकालने के बाद उसे लगभग 4डिग्री तापमान पर रखा जाता है। पहले उसे विशेष ठंडे सॉल्यूशन से दिल में बनी खून लाने-ले जाने वाली नलियों को धोया जाता है, जिससे खून निकल जाता है। ऐसा करने से दिल की ऑक्सीजन की जरूरत बहुत कम हो जाती है। इसके बाद हृदय को उसी घोल से भरे स्टरल बैग में रखकर बर्फ वाले कंटेनर में अस्पताल पहुंचाया जाता है। आमतौर पर 6 घंटे के भीतर ट्रांसप्लांटेशन सबसे सुरक्षित माना जाता है। समय बढ़ने पर इसके सफल होने की संभावना कम हो सकती है।

# राघव चड्ढा बोले- पंजाब में 7 एग्जाम में गडबडी हुई

### फ्लॉप पार्टी को खुद के फ्यूचर का पता नहीं; पीएम ने परिवार के मुखिया की तरह स्टूडेंट्स का दर्द समझा



**जालंधर।** आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पहली बार कॉकरोच जनता पार्टी के नीट स्टूडेंट्स के प्रदर्शन पर सामने आए। राघव ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा- प्रधानमंत्री ने स्टूडेंट्स की चिंता और दर्द को परिवार के मुखिया की तरह समझा और तमाम एक्शन लिए। राघव ने ये भी दावा किया कि पंजाब में आप सरकार बनने के बाद से 7 एग्जाम में गडबडी हुई। फार्मेसी एग्जाम में लाइव चीटिंग हुई। पार्टी देखकर जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स का प्रोटेस्ट किसी फ्लॉप पॉलिटिकल पार्टी के कमबैक के लिए नहीं है। जो स्टूडेंट्स को आगे कर खुद कैमरे की तरफ सेफ साइड में हो जाते हैं, जिनके खुद के फ्यूचर का पता नहीं, वह स्टूडेंट्स की लडाई क्या लडेंगे। राघव चड्डढा ने कहा- जब मैं अपोजिशन में था तो सवाल पूछता था, आज मैं सत्ता पक्ष की तरफ बैठता हूं तो सॉल्यूशन मेरी जिम्मेदारी है।

### राघव च । ने राज्यसभा में कहीं अहम बातें:-

**मैं स्टूडेंट्स के सपोर्ट में, पेपर लीक से सारी मेहनत बर्बाद:** राघव चड्डढा ने कहा- 22 लाख बच्चे, रोज 18 घंटे की मेहनत, एक 3 घंटे का एग्जाम। एक कैमरा फोन, वॉट्सएप पर एक मैसेज, टेलीग्राम पर एक PDF, रात 2 बजे पेपर लीक, सब खत्म, स्टूडेंट्स की सारी मेहनत बर्बाद। मैं स्टूडेंट्स के सपोर्ट में हूं और पब्लिक एग्जामिनेशन अमेंडमेंट बिल 2026 का समर्थन करता हूं।

**पेपर लीक का इलाज मीडिया बाइट से नहीं:** राघव चड्डढा ने आगे कहा- पेपर लीक जैसी बीमारी का परमानेंट इलाज करना होगा। जैसे कैंसर का इलाज क्रोसीन खिलाकर नहीं हो सकता, पेपर लीक का इलाज मीडिया साउंड बाइट से नहीं, बल्कि इंस्टीट्यूशनल सॉल्यूशन से होगा। केंद्र का लाया बिल देश का पहला एंटी पेपर लीक फ्रेम वर्क है।

**प्रधानमंत्री ने परिवार के मुखिया की तरह चिंता सुनी:** राघव चड्डढा ने कहा- मैं नीट स्टूडेंट्स को कुछ कहना चाहूंगा, आपका गुस्सा जायज है। आपका दर्द रियल है। आपको एग्जामिनेशन सिस्टम से जो कंप्लेंट है, वह भी जेनुइन है। जब आपने अपनी चिंता व्यक्त की और मांग की तो प्रधानमंत्री ने परिवार के मुखिया की तरह इसे सुना। सरकार ने एक्शन लिया। ऐतिहासिक फैसला लेकर सिस्टम चेंज किया।

# दतिया उपचुनाव में कम वोटिंग, किसे फायदा?

### महिला वोटिंग 12.74% गिरी, तीसरे दल के वोटों पर टिकी जीत-हार; एक्सपर्ट ने समझाया पूरा गणित

**भोपाल।** दतिया उपचुनाव में 71.44% मतदान हुआ। सबसे बड़ा बदलाव महिला वोटिंग में दिखा। 2023 में महिलाएं पुरुषों से 1.94 प्रतिशत आगे थीं, लेकिन इस बार 5.61 प्रतिशत अंक पीछे रहीं। 2008 से अब तक हुए पांच चुनावों में यह सबसे बड़ा जेंडर गैप है। इस बार कुल मतदान भी 2008 के 73.59% के करीब रहा। तब दतिया में 1.37 लाख वोटर थे, अब करीब 2.20 लाख हैं। वोटर 60% बढ़े, लेकिन मतदान प्रतिशत 18 साल पुराने स्तर के आसपास रहा। दतिया में 2008 से 2026 के पांच चुनावों में 2023 इकलौता चुनाव था, जब महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा। तब 81.22% महिलाओं और 79.28% पुरुषों ने वोट डाला था। यानी महिला मतदान 1.94 प्रतिशत अंक ज्यादा था। 2026 में तस्वीर पलट गई। पुरुषों का मतदान 74.09% रहा, जबकि महिलाओं का 68.48%। यानी पुरुषों का मतदान महिलाओं से 5.61 प्रतिशत अंक ज्यादा रहा। पांच चुनावों में यह पुरुष-महिला मतदान का सबसे बड़ा अंतर है। 2023 से तुलना करें तो पुरुषों और महिलाओं, दोनों का मतदान घटा है। महिला मतदान में 12.74 प्रतिशत अंक की गिरावट आई। पुरुष मतदान में 5.19 प्रतिशत अंक की कमी आई।

# मलबे का ढेर बना 'कुबेर का खजाना', जिसे जो सिक्का मिला ले भागा!, खुदाई के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

**बनासकांठा।** नासकांठा के पालनपुर से एक ऐसी खबर सामने आई जिसने पूरे शहर में लोगों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी। मानसरोवर इलाके के पास मलबे में पुराने चांदी के सिक्के मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और मलबे की खुदाई शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि मानसरोवर के समीप खाली पड़ी जमीन पर एक दिन पहले किसी पुराने मकान या दुकान का मलबा डंप किया गया था। इसी मलबे में पुराने चांदी के सिक्के होने की चर्चा फैल गई। सूचना मिलते ही



आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। जिसे जहां जगह मिली, उसने मलबे की खुदाई शुरू कर दी। लोगों को जो भी सिक्के मिले, वे उन्हें अपने साथ लेकर चले गए। कुछ ही देर में यह खबर पूरे पालनपुर शहर में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचने लगे। मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। पुराने चांदी के सिक्कों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। हालांकि सिक्के कितने पुराने हैं, वे किस समय के हैं और उनकी ऐतिहासिक या आर्थिक अहमियत क्या है, इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।

# कांग्रेस की बूथ मुहिम से चन्नी गुट ने बनाई दूरी: भाई को भी नहीं बुलाया, वड़िंग बोले- प्रधानगी कोई बड़ी चीज नहीं, बघेल बोले- ऑल इज वेल

**फतेहगढ़ साहिब/ चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में खींचतान के बीच अब प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने हर बूथ, कांग्रेस मजबूत मुहिम शुक्रवार को फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद से शुरू की।

इसमें बघेल के साथ राजा वडिंग समेत पार्टी के तमाम नेता शामिल हुए, लेकिन चन्नी गुट ने दूरी बना ली। इसमें चरणजीत सिंह चन्नी के भाई भी नहीं आए। बघेल ने चन्नी के भाई डॉ. मनोहर सिंह को बैठक में न बुलाने के सवाल पर कहा कि जो लोग कांग्रेस का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें बैठक में नहीं बुलाया गया। वह पिछला चुनाव निर्दलीय लड़े थे। उधर,



चन्नी के बेटे की पोस्ट के सवाल पर राजा वडिंग ने कहा वह हमारा भी बेटा है। हमारा अजीज है। वह यंग लडका है।

वडिंग ने कहा कि प्रधानगी मेरे लिए कोई बडी चीज नहीं, चाहे पार्टी टिकट भी काट दे। मैं कांग्रेस छेडकर कहीं नहीं जाऊंगा। अगर समय के साथ नहीं बदलेंगे, तो धोखा खा जाएंगे। इलेक्शन फोन पर लड़ा जाना है। वडिंग ने कहा कि दिल बड़ा होना चाहिए। मेरे से सभी लीडर काबिल हैं। बाजवा साहब और यहां बैठे सारे लीडर मुझसे ज्यादा काबिल हैं। चन्नी साहिब मुझसे बहुत काबिल हैं।

### दोनों गुट पावरफुल दिखाने में जुटे

चन्नी और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग दोनों गुट हाईकमान के सामने खुद को पावरफुल दिखाने में जुटे हैं। चन्नी गुट इस बात पर अड़ा है कि राजा वड़िंग की अगुवाई में विधानसभा चुनाव नहीं जीता जा सकता, इसलिए उन्हें प्रधान पद से हटाया जाए। इसी खींचतान के बीच प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल 9 दिन के दौरे पर पंजाब पहुंचे हैं। बूथ लेवल से फीडबैक लेकर ग्राउंड रिएलिटी जान रहे हैं कि कार्यकर्ताओं और जनता के बीच चन्नी या वड़िंग में से कौन ज्यादा मजबूत है और अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे।

# अगस्त में मॉनसून होगा और प्रचंड... कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी, गुजरात में सेना स्टैंडबाय पर

**देश में मॉनसून की रफ्तार अगस्त के पहले हफ्ते में और बढ़ने की उम्मीद है, बारिश की कमी घटकर 14 फीसदी रह गई है, महाराष्ट्र के ऊपर बना गहरा दबाव मध्य और पश्चिमी भारत में भारी बारिश ला रहा है, गुजरात में सेना को स्टैंडबाय पर रखा गया है और अहमदाबाद में स्कूल बंद हैं. हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी है, दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने से बैराज के गेट खोले गए हैं**

**अहमदाबाद।** मॉनसून की रफ्तार अगस्त के पहले हफ्ते में और तेज होने वाली है। मौसम विभाग यानी आईएमडी के मुताबिक देश में बारिश की कमी घटकर 14 फीसदी रह गई है, जो पिछले हफ्तों के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति है। महाराष्ट्र के ऊपर बना गहरा दबाव इस सीजन का सबसे मजबूत मौसमी सिस्टम बन गया है और अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से भारी मात्रा में नमी खींच रहा है। इसी बीच गुजरात, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। गुजरात में सेना को स्टैंडबाय पर रखा गया है, अहमदाबाद में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, वहीं दिल्ली, गुरुग्राम, अलवर, बुलंदशहर, लुधियाना और बिहार में जलभराव और कटाव से जुड़ी घटनाएं सामने आई हैं। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार यानि आज के लिए अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई है। आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में मॉनसून कमजोर पड़ने की बजाय और मजबूत होने जा रहा है। मध्य भारत और उत्तर पश्चिम भारत में अब सामान्य बारिश दर्ज हो रही है,




जबकि दक्षिण प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर भारत में अब भी कमी बनी हुई है।

### खूब पी ली इलायची की चाय! बारिश में पिएं अदरक-लौंग की स्पेशल चाय

महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पिछले हफ्ते बारिश में साफ सुधार देखा गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में जल्द ही नए कम दबाव के क्षेत्र बनने की उम्मीद है, जिससे अगस्त की शुरुआत में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। अगर यही रुझान बना रहा तो जलाशयों में पानी बढ़ेगा और खरीफ फसलों को फायदा मिलेगा। मध्य प्रदेश के जबलपुर में भारी बारिश के बाद लोग नाव से उफनती नर्मदा नदी पार करते दिखे । गुजरात में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक 13 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अहमदाबाद में रेड अलर्ट जारी करते हुए स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। सूरत, वडोदरा, भावनगर, भरूच, आणंद, नर्मदा, तापी, डांग, छोटा उदयपुर, पंचमहल, दाहोद और महिसागर में भी हाई अलर्ट है। गांधीनगर में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ। जयंती रवि ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा की और सभी अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। हर जिले में 24 घंटे कंट्रोल रूम काम कर रहे हैं और एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें तैनात कर दी गई हैं। जरूरत पड़ने पर सेना, नौसेना और वायुसेना को भी राहत कार्य के लिए तैयार रखा गया है। हिमाचल प्रदेश में भी 27 जुलाई से 1 अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। ऊना, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा और शिमला में 31 जुलाई को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में जुलाई महीने में बारिश लगभग सामान्य रही है, हालांकि हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और लाहौल-स्पीति में सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने से ओखला बैराज के चार गेट खोल दिए गए हैं। गुरुग्राम में साइबर सिटी में जलभराव को लेकर लापरवाही बरतने पर जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया और ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगाया गया है। अलवर में भिवाड़ी-अलवर बाइपास पर एक बस पानी में फंस गई, जिसे जेसीबी की मदद से निकाला गया। बुलंदशहर में बारिश के दौरान नाले में गिरी छात्रा की तलाश तीसरे दिन भी जारी है। लुधियाना में सड़क धंसने से एक कार गड्ढे में गिर गई, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। बिहार के कटिहार में गंगा और कोसी नदी के कटाव से गांव वाले दहशत में हैं और प्रशासन बचाव कार्य में जुटा है। जम्मू-कश्मीर में भी भारी बारिश का दौर जारी है। लगातार बारिश के कारण शुक्रवार के लिए अमरनाथ यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। पवित्र गुफा के पास अचानक पानी का तेज बहाव देखा गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।